दिनांक 14.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

खुर्सीपार में वर्षो पुराने अवैध कब्जों को हटाया गया

भिलाईनगर/ खुर्सीपार जोन क्रमांक 04 रेलवे क्रासिंग के समीप नाले पर वर्षों पुराना अवैध कब्जा था जिसके कारण पानी का बहाव रुक जाता था आसपास के बस्तियों में पानी भर जाता था जिसपर ईश्वरराव, शौकत अली, राजकुमार, विजय कुमार, द्वारा अवैध रुप से दुकान बनाकर अवरुद्ध पैदा कर दिया गया था। निगम द्वारा नोटिस देने के बाद भी खाली नहीं किया जा रहा था बरसात को देखते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर सभी नालों की सफाई की जा रही है। खुर्सीपार स्टेडियम से लेकर तेलहा नाला को जोड़ता हुआ यह नाला प्रमुख है। सफाई के बाद अवरोध को हटाया गया जिससे पानी का प्रवाह दुरुस्त हो जायेगा। कार्यवाही में जोन 04 के प्रभारी राजस्व अधिकारी हरचरण अरोरा, बेदखली प्रभारी यतीन्द्रनाथ देवांगन अपने दल के साथ उपस्थित रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी